## सुविचार



किसी भी स्वाभिमानी व्यक्ति के लिए सोने की बेड़ियां, लोहे की बेड़ियों से कम कठोर नहीं होंगी। चुभन धातु में नहीं वरन् बेड़ियों में होती है।
- महात्मा गांधी


## बरेली के प्रमुख समाचार

- दुष्कर्म करने वाले पुत्र को आजीवन कारावास-II
- एसआईआरः बूथों पर आज विशेष अभियान, नाम जुड़वायें पात्र-III
- फीस वृद्धि के विरोध में परीक्षा नियंत्रक का घेराव-IV




**इफ्तार**
रविवार शाम
सुन्नी : 6 :12
शिया : 6 :21

**सहरी**
सोमवार सुबह
सुन्नी : 5 :17
शिया : 5 :11

## सिटी ब्रीफ

### ऋण बांटने में प्रदेश में दूसरे नंबर पर बरेली

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में युवाओं को ऋण बांटने को लेकर बरेली ने प्रदेश में दूसरे पर स्थान पाया है। जबकि पहले नंबर पर झांसी आया है। शनिवार को शासन स्तर से जारी की गयी डिस्ट्रिक्ट वाइज डेली मॉनीटरिंग रिपोर्ट के अनुसार बरेली जनपद में योजना के तहत 19 फरवरी तक 2313 आवेदन स्वीकृत किए गए थे।

## शहर में आज

- महिला कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत लैपटॉप वितरण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 4 बजे।
- अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा की बैठक भोलेनाथ मंदिर कुर्मांचल नगर में दोपहर 1 बजे।
- सेंट्रल यूपी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री समिति की ओर से हास्य कवि सम्मेलन होटल कंफर्ट इन बिल सीबीगंज में शाम 7 :45 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में फाल्गुन की फुहार रंग रसिया कार्यक्रम शाम 5 :15 बजे।
- सृजन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में कपड़ों और गुलाल, पिचकारी आदि का वितरण रामगंगा स्थित विवेकानंद कुष्ठ आश्रम में सुबह 11 बजे।
- अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत के तत्वाधान में साहित्यकार निरुपमा अग्रवाल के प्रभातनगर स्थित आवास पर काव्य गोष्ठी शाम 4 बजे।
- आकांक्षा कालोनी स्थित क्रिएशंस स्कूल में 2 साल से 6 साल तक के बच्चों के लिए बेबी शो कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे से।

# सिटी मजिस्ट्रेट आवास की काट दी 22 लाख की आरसी

राकेश शर्मा, बरेली

- इसी आवास से निलंबित सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार ने यूजीसी के विरोध में खोला था मोर्चा
- बिजली बिल जमा न होने पर भेजी आरसी, हल्ला मचने पर वापस मंगाने को प्रशासन को भेजी चिट्ठी

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के अधिकारियों ने गजब कर दिया। एडीएम कंपाउंड स्थित सिटी मजिस्ट्रेट आवास की 22 लाख से अधिक की आरसी काट दी। रामपुर गार्डन स्थित बिजली विभाग के कार्यालय से अधिशासी अभियंता की ओर से आरसी जब प्रशासन के पास पहुंची तब हल्ला मच गया।

यह वही आवास है, जहां से निलंबित सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने यूजीसी और प्रयागराज में बटुकों के अपमान होने के विरुद्ध सरकार विरोधी नारे लगाते हुए आक्रोश जताया था। आरसी कलेक्ट्रेट पहुंचने पर उच्चाधिकारियों ने सख्त नाराजगी जताई। मामला लीक न हो जाए, इसके लिए जिला संग्रह कार्यालय से लेकर तहसील सदर तक के अधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट आवास की आरसी की फाइल छिपा दी। प्रशासनिक वरिष्ठ अफसरों तक यह मामला पहुंचा तो आरसी वापस कराने के निर्देश दिए। प्रशासन की कड़ी आपत्ति पर बिजली विभाग के अधिकारी बैकफुट पर आ गए।

रामपुर गार्डन स्थित कामर्शियल-2 वर्टिकल कार्यालय के अधिशासी अभियंता सूर्य कुमार ने आरसी वापस मंगाने के लिए एडीएम एफआर को 18 फरवरी को चिट्ठी लिखी। उसमें बताया है कि सिटी मजिस्ट्रेट राजस्व (आवास) बरेली के नाम से 22 लाख 73 हजार 932 रुपये का मांगपत्र वसूली के लिए भेजा गया था। एडीएम एफआर से यह मांगपत्र बिना वसूल किए खंड कार्यालय को वापस करने का अनुरोध किया।

### दस दिन से कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट आवास की आरसी की चर्चा

26 जनवरी को पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने बरेली सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा देते हुए एडीएम कंपाउंड स्थित सिटी मजिस्ट्रेट आवास से केंद्र सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोला। तब से सिटी मजिस्ट्रेट आवास चर्चा में है। करीब 10 दिन पहले सिटी मजिस्ट्रेट आवास की काटी गयी आरसी कलेक्ट्रेट पहुंची थी, तब से कर्मचारियों के बीच चर्चा है, मगर खुलकर कोई बोल नहीं पा रहा।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग, दो घंटे बिजली ठप

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पोल पर चढ़कर फाल्ट ठीक करते कर्मी। ● अमृत विचार

- शहर के कई इलाकों में शटडाउन लेकर मरम्मत कार्य किया गया

**अमृत विचार :** दुर्गानगर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर में आग लगने की वजह दो घंटे बिजली गुल रही। इसके अलावा शहर के सिविल लाइंस -2, महानगर सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में मरम्मत कार्य के चलते आपूर्ति बाधित रही। उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

दुर्गानगर सबस्टेशन के वनखंडी नाथ फीडर पर शनिवार दोपहर ट्रांसफार्मर में आग लगने से लीड जल गई। ट्रांसफार्मर से जुड़े इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। डीडीपुरम क्षेत्र में सुबह लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हुए। मरम्मत कार्य के चलते सिविल लाइंस- 2 के सिटी स्टेशन, जोगी नवादा, संजय नगर बाईपास, वनखंडीनाथ आदि जगह पर सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक शटडाउन रहा। महानगर सबस्टेशन के शहीद भगत सिंह, महानगर- 2 आकांक्षा इंक्लेव, छोटी बिहार आदि जगह पर सुबह 11 से शाम 5 बजे तक शटडाउन बताया गया था। लेकिन वहां पर शाम 7 बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

# सरसों तेल समेत 15 खाद्य पदार्थों के नमूने भरे

## मिलावट के शक में खाद्य टीमों ने दुकानों पर छापामारी की

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्रतिष्ठान में छापेमारी कर नमूना संग्रहित करती एफएसडीए की टीम। ● अमृत विचार

- 15 किलोग्राम रंगीन चिप्स सीज
- लगातार चल रहा अभियान मची खलबली

**अमृत विचार :** होली नजदीक आते ही खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीमों ने मिलावट पर लगाम को छापेमारी शुरू कर दी है। शनिवार को टीमों ने परसाखेड़ा सहित कई क्षेत्रों में विभिन्न प्रतिष्ठानों से सरसों तेल, रिफाइंड, गुजिया समेत 15 खाद्य पदार्थों के नमूने भरे। 10 किलोग्राम रंगीन चिप्स सीज किए।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों छापामार कार्रवाई की। केसरपुर स्थित पतंजलि फूड्स लिमिटेड के भण्डार गृह से सरसों का तेल (महाकोष ब्रांड), वनस्पति (महाकोष ब्रांड) व रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का एक-एक नमूना भरा। फरीदपुर के गोपालपुर स्थित बृजेश के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध, बक्सरिया स्थित अंशु गुप्ता के प्रतिष्ठान से वनस्पति (गगन ब्रांड), यहीं से मुकीमुद्दीन के प्रतिष्ठान से सरसों का तेल, नवाबगंज में बड़ा बाईपास स्थित मेसर्स पप्पू किराना स्टोर से रंगीन चिप्स व किशमिश का नमूना भरा। 1200 रुपये कीमत के रंगीन चिप्स सीज किए। सेंथल स्थित सेलिब्रेशन स्वीट्स से गुजिया, भारत डेयरी से पनीर, बहेड़ी बाजार से रूपाली इंटरप्राइजेज से सरसों का तेल (रविन्द्रा ब्रांड) व सरसों का तेल (डबल खिलौना) का नमूना भरा।

परसाखेड़ा क्षेत्र की सांई बीरबलदास फूड्स से नमकीन पफ (पैक्ड), टमाटो बैंगी मिक्स सीजनिंग पाउडर व मिक्स मसाला का एक-एक नमूना संग्रहित किया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल ने बताया कि नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक को भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मॉडल टाउन में आवारा कुत्तों का बढ़ा आतंक लोगों को काट रहे

**बरेली, अमृत विचार:** मॉडल टाउन स्थित बरेली रिफ्यूजीज को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी ने क्षेत्र में आवारा कुत्तों के बढ़ते प्रकोप को लेकर जनप्रतिनिधियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सोसायटी अध्यक्ष रवि छाबड़ा की ओर से महापौर, नगर आयुक्त तथा क्षेत्रीय पार्षद को अलग-अलग पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया गया है।

पत्र में बताया गया है कि मॉडल टाउन क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कुत्तों के काटने की घटनाओं से बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग दहशत में हैं। कई लोग घरों से बाहर निकलने में भी भय महसूस कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है।

सोसायटी ने पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्व में भी नगर निगम को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कुत्ते पकड़ने के लिए कोई टीम नहीं भेजी गई। इससे लोगों में नाराजगी है। प्रशासन से मांग की गयी है कि सड़क पर घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़वाने की तत्काल व्यवस्था की जाए, ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और क्षेत्र में व्याप्त दहशत का माहौल समाप्त हो।

# बकायेदारों पर निगम सख्त, 20 व्यवसायिक संपत्तियां सील



व्यावसायिक सम्पत्ति सील करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जोन-1 से जोन-3 तक में हुई कार्रवाई, 3,62,546 रुपये मौके पर जमा कराए
- मुख्य कर निर्धारण अधिकारी का अल्टीमेटम, टैक्स जमा न करने पर संपति होगी सील

**अमृत विचार:** नगर निगम के सम्पत्ति कर विभाग ने बकाया कर वसूली को लेकर शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 20 व्यावसायिक संपत्तियों को सील किया। निर्धारित समयावधि के भीतर बकाया कर जमा न करने वालों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की गई।

जोन-1 में बानखाना के हामिद हुसैन और अशफाक हुसैन की संपत्तियों को सील किया गया। जोन-2 में कोतवाली क्षेत्र के खुर्शीद, अब्दुल, रजिया बेगम पुत्र अब्दुल, बन्नो बेगम, शाहदाना के वाजिद हुसैन, शफी, सौदागरान के जगतराम राजरानी, राहत, रामवती, गज्जफरा अली, बजरिया पूरनमल के जावेद, कांति सरन, वीरेन्द्र कुमार, महेश कुमार, उमेश कुमार की व्यावसायिक संपत्तियों पर ताला जड़ा गया। जबकि जोन-3 में सूफीटोला के शाहजादे अली, निसार अली खान, कटरा चांद खा के रईस, रईस मियां, डॉ. मो. कामिल, आविद , शमीम, इरशाद हुसैन की संपत्तियों को सील कर दिया गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कार्रवाई के दौरान 362546 रुपये की धनराशि नगर निगम कोष में जमा कराई गई, जबकि शेष बकाया की वसूली के लिए आगे की प्रक्रिया ज जारी रहेगी।

# एमआर वैक्सीनेशन में बरेली आगे, 93315 बच्चों के लगे टीके

- एक टीका-दो सुरक्षा : एम.आर. का टीका लगाओ-खसरा और रुबेला मिटाओ

**बरेली, अमृत विचार :** 16 फरवरी से स्कूल आधारित मीजल्स-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले 5 वर्ष से 10 वर्ष के बच्चों को एमआर का टीका लगाया जा रहा है।

शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि अभियान के प्रथम चार कार्य दिवसों में अब तक 2168 सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों के कुल 93,315 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है। जनपद में अब तक प्रदेश में सर्वाधिक एमआर टीकाकरण दर्ज किया गया है। हालांकि, बोर्ड परीक्षाओं के चलते अनेक विद्यालय तथा रमजान के कारण कई मदरसे बंद होने से अभियान की गति प्रभावित हो रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि खसरा और रूबेला दोनों ही संक्रामक बीमारियां हैं। एमआर के एक टीके से दो बीमारियों खसरा और रूबेला से सुरक्षा मिलती है।

# फरीदपुर में तीन अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापा, दो सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक सेंटर बिना पंजीकरण के किया जा रहा था संचालित
- दूसरा सेंटर निर्धारित स्थान से अलग स्थान पर चल रहा था

**अमृत विचार :** अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को छापामारी अभियान चलाया। टीम ने दस्तावेज पूरे न होने पर फरीदपुर में दो अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील कर दिया। वहीं, एक अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी चल रही है।

टीम ने फरीदपुर क्षेत्र में चल रहे मर्सी अल्ट्रासाउंड, सहारा अल्ट्रासाउंड और एल्फा अल्ट्रासाउंड केंद्रो की जांच की। जिसमें पता चला कि मर्सी अल्ट्रासाउंड बिना पंजीकरण के संचालित किया जा रहा था। केंद्र को सील कर दिया गया। सहारा अल्ट्रासाउंड अपने पंजीकृत स्थान से अलग स्थान पर चलाया जा रहा था। जिसके कारण उसे भी सील किया गया। वहीं, एल्फा अल्ट्रासाउंड निरीक्षण की सूचना मिलते ही बंद कर दिया गया। संचालक मौके से फरार हो गया। जांच में यह भी जानकारी मिली कि संबंधित चिकित्सक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अपना नाम अल्ट्रासाउंड केंद्र से हटाने के लिए आवेदन दिया है। इस आधार पर एल्फा अल्ट्रासाउंड के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए अभियोग दर्ज कराया जाएगा। टीम में नोडल पीसीपीएनडीटी डॉ. लईक अहमद अंसारी, विपिन कुमार, राजेश कुमार, राहुल शर्मा शामिल रहे। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# पांच दिन चली जांच : करोड़ों की कर चोरी की आशंका, आयकर विभाग की टीम दिल्ली रवाना

संवाददाता, सीबीगंज

- सुपीरियर शराब फैक्ट्री में शुरू हुई जांच शनिवार देर शाम 7 बजे समाप्त हो गई
- फैक्ट्री से करीब 23 साल पुराने सभी दस्तावेज लेकर टीम गई



फैक्ट्री गेट के बाहर खड़े वाहन। (फाइल फोटो)

**अमृत विचारः** मंगलवार देर शाम से सीबीगंज स्थित सुपीरियर शराब फैक्ट्री में शुरू हुई आयकर विभाग की जांच शनिवार देर शाम 7 बजे समाप्त हो गयी। फैक्ट्री से करीब 23 साल पुराने सभी दस्तावेज लेकर जांच टीम दिल्ली लौट गयी। कागजातों और पूछताछ के बद करोड़ों रुपये की आयकर चोरी की आशंका जताई गयी है।

शुक्रवार को टीम ने जांच के पांचवें दिन फैक्ट्री से जुड़े ट्रांसपोर्टरों व भूसी सप्लायर सहित अन्य लोगों को पुलिस के माध्यम से फैक्ट्री बुलाकर सघन पूछताछ की। आधा दर्जन लोगों से तमाम सवाल किए। इसके बाद टीम ने फैक्ट्री के आय-व्यय से जुड़े संबंधित दस्तावेजों को कब्जे में ले लिया। दरअसल, सीबीगंज स्थित सुपीरियर शराब फैक्ट्री में मंगलवार देर शाम करीब 7 बजे दिल्ली की आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा था। तभी से पीएसी की सुरक्षा में लगातार जांच चल रही थी। आयकर टीम ने छानबीन के दौरान वर्ष 2003 तक के दस्तावेज, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि दस्तावेजों को कब्जे में लेकर जांच की।

करीब नब्बे घंटे से अधिक समय तक कागजात खंगाले। छानबीन में आयकर टीम को आयकर चोरी के कई सबूत हाथ लगे हैं। प्रारंभिक जांच के बाद अब टीम कागजातों की सघन जांच करेगी, इसलिए जांच पूरी कर फैक्ट्री का डाटा अपने कब्जे में लेकर टीम शनिवार देर शाम दिल्ली के लिए रवाना हो गई। आयकर टीम दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय को डाटा सौंपेगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू होगी।

### दो दिन से फैक्ट्री में उत्पादन ठप

सुपीरियर फैक्ट्री में आयकर टीम की जांच लगातार जारी रहने वजह से शुक्रवार से उत्पादन ठप रहा। शनिवार को भी उत्पादन नहीं हुआ। बड़ी संख्या में कर्मचारियों से भी आयकर टीम ने पूछताछ की थी। प्लांट में उत्पादन रविवार को शुरू होने पर भी संशय बना हुआ है।

# मौसम में बदलाव : बुखार और डायरिया कर रहा बेहाल



जिला अस्पताल की ओपीडी में मौजूद मरीज। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की उमड़ी भीड़
- दोपहर दो बजे तक अस्पताल पहुंचे थे 1690 मरीज

**अमृत विचार :** मौसम में लगातार हो रहे बदलाव ने जुकाम, बुखार के साथ डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ा दी है। जिला अस्पताल की ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या अधिक रही। पर्चा काउंटर से दवा काउंटर तक मरीजों की भीड़ दिखी।

शनिवार सुबह आठ बजे जिला अस्पताल में मरीजों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार दोपहर दो बजे तक कुल 1690 मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। इनमें बड़ी संख्या ऐसे मरीज की थी जो सर्दी-खांसी, बुखार और डायरिया से पीड़ित थे। डॉक्टरों का कहना है कि बदलते मौसम और खान-पान में लापरवाही के कारण इस तरह की बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या 281, डायरिया के लक्षण वाले लगभग 47 रोगी आए। इनमें से 11 मरीजों के ब्लड के सैंपल भी लिए गए। ओपीडी में सबसे अधिक जांचें सीवीसी की कराई गईं। सीवीसी जांच से इंफेक्शन, सूजन, एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों का पता चलता है।

> डायरिया होने पर मरीजों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उबला या साफ पानी पीने का प्रयास करें। हल्का और सुपाच्य भोजन लेना चाहिए। तला, मसालेदार, कैफीन, शराब, अधिक दूध वाले उत्पादों से बचना चाहिए। सबसे अहम बात कि पानी की कमी न होने दें। ओआरएस और नींबू पानी का सेवन करें।
> - डॉ. राहुल बाजपेई, जिला अस्पताल

## कार्यक्रम

रैंकिंग सुधार और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर फोकस, कई समाजसेवी बनाए गए ब्रांड एंबेसडर

# स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर तैयारी, कार्यशाला में जुटे अफसर और कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम ने जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित की मंडल स्तरीय कार्यशाला



कार्यशाला में मौजूद मेयर, नगर आयुक्त व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लक्ष्य को लेकर शनिवार को मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित की गई।

जिसमे मंडल के विभिन्न नगर निकायों से पांच सौ से अधिक जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसका शुभारंभ महापौर डॉ. उमेश गौतम और शाहजहांपुर की महापौर अर्चना वर्मा ने किया। कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्देशों और मूल्यांकन मानकों पर विस्तार से चर्चा की गई। गार्बेज फ्री सिटी रेटिंग, ओडीएफ एवं वॉटर प्लस मानकों की बारीकियों को समझाया गया, ताकि प्रत्येक निकाय अपनी कमियों को पहचान कर सुधार की रणनीति बना सके।

इसके अलावा डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और उपयोग जल प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही स्वच्छता कर्मियों के कल्याण, डिजिटल मॉनिटरिंग, शिकायत निवारण प्रणाली तथा नागरिक सहभागिता को सुदृढ़ करने के उपाय साझा किए गए। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि जनआंदोलन है। मेयर अर्चना वर्मा ने स्वच्छता के लिए नवाचार, जनसहभागिता एवं आपसी समन्वय को सफलता की कुंजी बताया। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए समाजसेवी मोहित शर्मा, प्रतिभा जौहरी, डॉ. सबीन एहसान, नीतू विष्ट व विजय मैसी को नगर निगम का स्वच्छ ब्रांड एम्बेस्डर नामित करते हुए प्रशस्ति पत्र दिए गए।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि कार्यशाला को बरेली मंडल में स्वच्छता सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भरोसा जताया कि समन्वित प्रयासों, जनसहभागिता और प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से बरेली को स्वच्छ, स्वस्थ और आदर्श शहर के रूप में नई पहचान दिलाई जाएगी।

### एसोसिएशन की अनुमति के बिना प्रतियोगिता में प्रतिभाग नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** जिला फुटबॉल एसोसिएशन ने एसोसिएशन से संबंधित किसी भी खिलाड़ी और रेफरी को किसी भी स्तर की प्रतियोगिता में बिना एसोसिएशन की अनुमति के प्रतिभाग करने के लिए बाधित किया। फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मून रौबिन्सन ने बताया कि कोई भी खिलाड़ी या रेफरी ऐसा करता है, तो उसके खिलाफ एसोसिएशन के नियमों का उल्लंघन कार्रवाई के तहत उनके खेल पर तीन साल तक का प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# लूट के इरादे से आए थे बदमाश, बैग लेकर हुए फरार

- बदमाशों को घर में कैश रखे होने की थी जानकारी, ठेकेदार और उसके कर्मचारियों पर शक
- जोगेंद्र के हेड कांस्टेबल साले का पड़ोस में बन रहा है मकान, बहन को रखने को दिए थे पैसे

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जोगेंद्र की मौत पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जोगेंद्र की गोली मारकर हत्या करने वाले बदमाशों को पहले से ही जानकारी थी कि घर में कैश रखा है। वे लूट के इरादे से ही घर में आए थे। विरोध करने पर जोगेंद्र की गोली मारकर हत्या करने के बाद बदमाश फरार हो गए। जोगेंद्र की पत्नी अनीता ने ठेकेदार और उसके कर्मचारियों पर हत्या करने का शक जताया है। फिलहाल, पुलिस सभी के बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

जोगेंद्र ने करगैना की प्रगति नगर कॉलोनी में अपना मकान बनवाया था। सावन माह से यहां रह रहे थे। वह सब्जी बेचते थे। अनीता के भाई धर्मेंद्र का मकान पास में बन रहा है। धर्मेंद्र पीलीभीत कोतवाली में यूपी 112 के हेड कांस्टेबल हैं। धर्मेंद्र ने बताया कि मजदूरों का हिसाब करने के लिए उन्होंने बहन को 68 हजार रुपये दिए थे। अनीता के मुताबिक यही रुपये जिस थैले में रखे थे, उसको गोली मारने के बाद बदमाश अपने साथ ले गए। अनीता ने बताया कि ठेकेदार और उसके कर्मचारियों को जानकारी थी उनके पास भाई के पैसे रखे हैं। उन्होंने ठेकेदार या उसके द्वारा भेजे गए बदमाशों पर हत्या करने का शक जताया है।

डंडे से किया बचाव तो बदमाशों ने मार दी गोली40 वर्षीय जोगेंद्र पत्नी अनीता और चार बच्चों के साथ मकान में रहते थे। अनीता ने बताया कि रात में आहट पाकर वे दोनों छत पर गए। जोगेंद्र ने जैसे ही बदमाश पर डंडे से प्रहार किया, बदमाश ने सीधे उनके सीने में गोली उतार दी। गोली लगते ही जोगेंद्र लहूलुहान होकर सीढ़ियों से नीचे जा गिरे। उनके पीछे आ रही पत्नी भी हड़बड़ाहट में सीढ़ियों से लुढ़क गईं। अनीता की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी और उसके बच्चे भी जाग गए। लेकिन तब तक बदमाश फरार हो गए।



घटनास्थल के आसपास छानबीन करती पुलिस। ● अमृत विचार

## मजदूर और ठेकेदार पर गहराया शक

अनीता ने बताया कि शुक्रवार को ही निर्माण के लिए उन्होंने ठेकेदार और मजदूरों के सामने रुपये दिये थे। परिवार को आशंका है कि रुपयों की जानकारी के आधार पर वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद से संबंधित मजदूर और ठेकेदार काम पर नहीं पहुंचे। जिससे शक और गहरा गया। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। संदिग्धों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्य जुटाने के लिए कई टीमें लगाई गई हैं।

> शुक्रवार रात सुभाषनगर क्षेत्र के प्रगतिनगर में जोगेन्द्र की गोली मारकर हत्या करने की सूचना मिली। उसके बाद सीओ, थाना पुलिस और फील्ड यूनिट के साथ मौके पर मैंने भी जाकर निरीक्षण किया। पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके बदमाशों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार घटना का खुलासा किया जाएगा।
>
> **-मानुष पारिक**, पुलिस अधीक्षक नगर

# सवा किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- बरामद अफीम की कीमत 30 लाख बताई जा रही
- मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज

**अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने दो तस्करों के पास से 1 किलो 270 ग्राम अफीम बरामद की है। जिसकी कीमत 30 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तस्करों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि शुक्रवार रात पुलिस डोहरा चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। सूचना मिली कि दो लोग मादक पदार्थ की तस्करी करने की फिराक में हैं। पुलिस टीम पीलीभीत बाईपास पर सेटेलाइट के पास खाली पड़े प्लाट के पास पहुंची, तभी दो लोगों ने भागने का प्रयास किया। टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों के पास से 30 लाख की कीमत की 1 किलो 270 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों ने अपने नाम कुंवरपाल यादव निवासी गांव मसियाबाद थाना मीरगंज और दूसरे ने अजय सैनी निवासी मेहतरपुर करोड़ थाना बिथरी चैनपुर बताया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अफीम बारादरी क्षेत्र के फाइक एंक्लेव निवासी मनमून से खरीदकर लाते हैं। अजय सैनी ने बताया कि वह बिजली का काम करता था। लेकिन उसकी जान पहचान मनमून से हो गई। मनमून ट्रक चलाने का काम करता था। उसके बहकावे और लालच में आकर वह अफीम की तस्करी करने लगा। पुलिस ने मुकदमे में मनमून को नामजद कर तलाश शुरू कर दी है।

# युवती को भगा ले गया दूसरे समुदाय का युवक, तनाव

संवाददाता, सीबीगंज

- मुस्लिम युवक ने हिंदू नाम बताकर की दोस्ती, दो नामजद

**अमृत विचार :** हिन्दू युवती से दूसरे समुदाय के युवक ने अपना हिन्दू नाम बताकर दोस्ती की। फिर अपने जाल में फंसाया और बहला-फुसलाकर साथ लेकर फरार हो गया। युवती को भगाने में युवक के भाई का भी हाथ है। घटना की तहरीर थाने में दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध मुकद्मा दर्ज किया है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने बताया कि गांव का ही वाहिद उर्फ भूरा पुत्र सलीम उर्फ पहलवान ने धर्म बदल कर उसे अपने जाल में फंसाकर उससे दोस्ती की जिसके बाद उसकी बहन उसके चंगुल में फंस गई। आरोप हैं की 19 फरवरी की सांय करीब सात बजे अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया। युवती को भगाने में वाहिद उर्फ भूरा का भाई अनीस का भी सहयोग है। मामला दो समुदाय का होने के कारण गांव हालत तनावपूर्ण बने हुए हैं। पुलिस ने आरोपी दोनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म करने वाले पुत्र को आजीवन कारावास

## चार वर्ष पहले विधवा के साथ बेटे ने की थी दरिंदगी, कोर्ट ने 22 हजार रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई

विधि संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार:** चार वर्ष पहले विधवा मां से दुष्कर्म करने वाले भमोरा थाना क्षेत्र निवासी आरोपी बेटे (22) को परीक्षण में परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय अशोक कुमार यादव ने आजीवन कठोर कारावास और 22 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने से 20 हजार की रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जायेगी।

सरकारी वकील सुरेश बाबू साहू ने बताया कि पीड़िता ने थाना भमोरा में तहरीर देकर बताया था कि 10 अक्टूबर 2021 की देर रात 11 बजे वह घर में सो रही थी, तभी उसका पुत्र बाहर से आया और उसने कुंडी खटखटाई और बोला कि मुझे भूख लगी है। मैंने गेट खोला, तभी उसने एक हाथ से मेरा गला दबा दिया और दूसरे हाथ से मेरे कपड़े उतार दिये। उसने दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी। मैंने घर से भागकर अपने अन्य बेटों को फोन किया। 12 अक्टूबर 2021 को दोनों लड़के बाहर से आए थे। वह बाहर मजदूरी करते हैं, उनकी सहायता से आरोपी बेटे को पकड़कर लाए। पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 40 दिन के भीतर विवेचना पूरी कर आरोप पत्र कोर्ट भेजा। आरोपी छह भाइयों में तीसरे नंबर का था। घटना के वक्त आरोपी शराब के नशे में था। अभियोजन ने मामले में 8 गवाह पेश किए थे।

> 'मेडिकल, डीएनए रिपोर्ट्स जुर्म साबित करने के लिए पर्याप्त हैं, यह सही है कि पीड़िता एक मां है और बेटे ने गलत किया है लेकिन मां-मां होती है, ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़िता इसी कारण जिरह में मुल्जिम द्वारा घटना कारित करने से इंकार किया है। यह प्रकरण स्वयं में एक अपवाद है। परिस्थितियां स्वयं बोल रही हैं कि अभियुक्त ने ही पीड़िता के साथ दुष्कर्म जैसा घृणित अपराध किया है। जब मुल्जिम अपनी मां के साथ ऐसी घटना कर सकता है, तब ऐसे व्यक्ति को छूट दिया जाना कहीं से न्यायोचित नहीं है।'
>
> **-अशोक कुमार यादव**, अपर सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय

### गवाही के दौरान मां व दोनों भाई मुकरे, डीएनए रिपोर्ट बनी सजा का आधार

गवाही के दौरान पीड़िता अपने बयान से मुकर गयी। बोली कि रात में कोई अंजान व्यक्ति घर के अंदर आया था, दुष्कर्म किया था। पुत्र ने दुष्कर्म नहीं किया। वहीं मुल्जिम के दोनों भाई भी अपने बयान से मुकर गये थे। विवेचना के दौरान पुलिस ने मौके से 21 बाल बरामद किये थे। डीएनए मैच में 20 बाल पीड़िता के पुत्र व 1 बाल पीड़िता का पाया गया। इसके अतिरिक्त पीड़िता व मुल्जिम के कपड़े भी सील किए थे। डीएनए जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी।

### कोर्ट ने की टिप्पणी : इतना घोर कलयुग नहीं कि मां अपने ही बेटे को फंसा दे

अदालत ने 36 पेज के आदेश में मामले को विरल से विरलतम माना। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि कलयुग तो चल रहा है, मगर इतना घोर कलयुग नहीं है कि कोई मां अपने पुत्र को अपने ही दुष्कर्म के झूठे केस में फंसा दे।

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें



बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार निकट सैटेलाइट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

# मकान में आग लगने से फटा सिलेंडर, लाखों का नुकसान



घर में हुए अग्निकांड की जानकारी देती महिला। ● अमृत विचार

- चौपला बगिया में हुई घटना दमकल ने बुझाई आग

**बरेली, अमृत विचार:** नगर निगम कर्मचारी के मकान में शुक्रवार की रात आग लग गई। आग चपेट में आकर नगदी और जेवरात समेत करीब 6 लाख रुपये का सामान जल के राख हो गया। मकान में रखा सिलेंडर फटने से हुए धमाके से क्षेत्र में अपरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

थाना कोतवाली क्षेत्र की चौपुला बगिया गली नंबर-1 निवासी राजेश कुमार नगर निगम के कर्मचारी हैं। शुक्रवार की रात उनके घर में अचानक आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। घटना के समय परिवारजन घर के अंदर ही थे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस भीषण आग से घर में रखा लगभग 75 हजार रुपये नकद, करीब 4 लाख रुपये के जेवरात तथा लगभग 1 लाख रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। राजेश की पत्नी पूनम चौधरी ने बताया कि आग लगने के दौरान गैस सिलेंडर भी फट गया जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चल सका। धमाके की आवाज सुनकर लोग मौके पर जुट गए और तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि प्राथमिक आशंका शॉर्ट सर्किट या गैस रिसाव की जताई जा रही है।

# रात में दुकान खोलकर शराब नहीं देने पर सेल्समैन को पीटा

- सीबीगंज पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** रात में दुकान खोलकर शराब नहीं देने पर दबंगों ने सीबीगंज में शराब की दुकान के सेल्समैन के साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर सीबीगंज पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के इटौआ रोड ग्रीन वेली निवासी मुकेश जायसवाल ने बताया कि वह सीबीगंज में अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समैन हैं। शुक्रवार रात 10 बजे उन्होंने शराब की दुकान बंद कर दी थी।

तभी तीन से चार अज्ञात लोग आए और दुकान खोलकर शराब देने की मांग करने लगे। उसने समय अधिक होने की बात कहकर शराब देने से मना कर दिया। उसके बाद आरोपी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोट आई। मारपीट की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

# आजमनगर में दो पक्षों में चाकूबाजी, एक युवक गंभीर

कार्यालय संवाददाता बरेली

- लड़की छेड़ने के दो माह पुराने विवाद में चले चाकू
- पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के आजमनगर में लड़की छेड़ने के दो माह पुराने विवाद में दो पक्षों में चाकू बाजी हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

आजमनगर निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी नाबालिग बहन के साथ क्षेत्र के ही रहने वाले युवक ने छेड़छाड़ की थी, जिसको लेकर उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी थी। आरोप है कि उनका बड़ा भाई शनिवार को मोहल्ले की दुकान पर सामान लेने गया था।

बहन के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी उसे देखकर गालीगलौज करने लगा और मारपीट करने का प्रयास किया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया। जिसके बाद वह घर चला आया। मामले में परिवार के लोग कोतवाली में तहरीर देने जा रहे थे। तभी दूसरे पक्ष ने उन्हें रास्ते में रोक कर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें लड़की का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराकर आरोपी के खिलाफ तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक को रास्ते में घेरकर पीटा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** हजियापुर इलाके में युवक को रास्ते में रोककर मारपीट की गई। बारादरी थाना क्षेत्र के हजियापुर निवासी अब्दुल यामीन ने बताया कि शुक्रवार दोपहर वह मदीना मस्जिद के पास से गुजर रहे थे। आरोप है कि तभी छोटा चौधरी, आदिल और दो अन्य अज्ञात लोगों ने घेरकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडों से पीटकर उसे घायल कर दिया। आरोप है कि दबंगों ने तमंचा लहराकर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छोटा चौधरी, आदिल और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मृत को कागजों में जिंदा दिखाकर हथिया ली सीलिंग भूमि

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सदर तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनते अफसर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** करीब नौ साल पहले एडीएम कोर्ट में विचाराधीन नगर सीलिंग के एक वाद में मृत व्यक्ति को कागजों में जीवित दिखाकर बेशकीमती सीलिंग भूमि हथियाने का आरोप लगाते हुए सदर संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की गयी है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि बारादरी क्षेत्र के एक कंस्ट्रक्शन कम्पनी के निदेशकों ने फर्जी कागजात से हरुनगला क्षेत्र में सीलिंग भूमि नगर सीलिंग से निकलवाकर राजस्व अभिलेखों में गड़बड़ी करा दी। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता मो.दानिश ने अधिकारियों से मिलकर प्रकरण से जुड़े साक्ष्य भी सौंपे। एडीएम सिटी सौरभ दुबे की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में घेर जाफर खां निवासी मो. दानिश ने बताया कि आरोपियों ने धोखाधड़ी व जालसाजी से कूटरचित दस्तावेज के आधार पर 11 मई 2017 को एक प्रार्थना पत्र न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अपर जिलाधिकारी नगर (नगर) भूमि सीमारोपण में ग्राम हरुनगला की सीलिंग वाद पत्रावली सरकार बनाम मो. जकी में भूमि नगर सीलिंग से मुक्त कराने के संबंध दिया था, जिस प्रार्थना पत्र में मो. वसी उर्फ गोला खां का पंजीकृत मुख्त्यारेआम दिखाया। आरोप लगाया कि कूटरचित फर्जी मुख्यारेआम का विवरण अंकित किया। मो. वसी उर्फ गोला खां की मृत्यु 28 अक्टूबर 2016 को हो चुकी थी। कुल 33 शिकायतें पहुंचीं। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार मौजूद रहे।

### डूडा ऑफिस किस्त का भुगतान नहीं कर रहा

पंजाबपुरा, सैदपुरिया निवासी संजीव चतुर्वेदी ने शिकायत करते हुए कहा कि उसने आवास बनवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन किया। वह स्वीकृत हो गया। पहली किस्त में 50 हजार रुपये मिल गए। 2021 में किस्त आई थी। उसके बाद कई बार डूडा दफ्तर के चक्कर काटे लेकिन दूसरी किस्त नहीं जारी की। सर्वे करने कर्मचारी आए थे, कर्मचारी किस्त जारी करने के एवज में रुपये की मांग कर रहे हैं, न देने पर मुकदमा लिखवाने की भी धमकी दी है।

### भूमि पर प्लाटिंग करने का आरोप

ग्राम सिठौरा निवासी प्रदीप कुमार ने शिकायत देते हुए कहा कि गाटा संख्या-244, रकवा 0 .1240 हेक्टेयर उसका खेत है। आरोप कि कुछ लोग अवैध रूप से क्षेत्र में कालोनी काट रहे हैं। जिसमें उसके खेत की जमीन है। जिस पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। शुक्रवार शाम 4 बजे खेत पर गया तो प्लाट काटने की तैयारी थी। उसके मना करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालीगलौज की गई। मामले में कार्रवाई की मांग की गई है।

अमृत विचार


## सिटी ब्रीफ

### सुरेश दुबे सीजेएम, चार न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन सुरेश कुमार दुबे को अलका पाण्डेय के स्थान पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) बनाया है, वहीं अलका को सिविल जज सीनियर डिवीजन नियुक्त किया है। अभी तक एसीजेएम प्रथम रहीं सलोनी रस्तोगी को सिविल जज सीनियर डिवीजन नियुक्त किया है। दीपक कुमार मिश्रा को एसीजेएम प्रथम के पद पर नियुक्त किया गया है। साथ ही वह आर्थिक अपराधों से जुड़े मामलों की भी सुनवाई करेंगे।

### बीमा कर्मी संघ का पंद्रहवां अधिवेशन आज

बरेली, अमृत विचार : बीमा कर्मी संघ का पंद्रहवां अधिवेशन रविवार को स्टेडियम रोड स्थित एक होटल में किया जाएगा। अधिवेशन में बरेली डिविजन में कार्यरत शाखाओं के कर्मचारी हिस्सा लेंगे। बीमा कर्मी संघ की महामंत्री गीता शांत ने बताया कि इसमें बीमा में सौ फीसदी विदेशी निवेश का विरोध, बीमा में नई भर्ती की मांग और निकट भविष्य में आने वाले आईपीओ का कड़ा विरोध आदि शामिल रहेगा। साथ ही पुरानी पेंशन बहाली पर भी गहन चर्चा होगी।

### सामान्य ज्ञान क्विज राधाकृष्णन हाउस ने जीती शील्ड

बरेली, अमृत विचार : स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रिज स्कूल में शनिवार को अन्तरसदन सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता टैगोर हाउस और राधाकृष्णन हाउस के प्रतियोगियों के मध्य हुई जिसमें ग्रुप ए में राधाकृष्णन हाउस के प्रणीत कृष्ण वार्ष्णेय, मानवी गुप्ता, वृद्धि गुप्ता, आकृति भारद्वाज ने बाज़ी मारी। ग्रुप बी में टैगोर हाउस के प्रणव कृष्ण वार्ष्णेय, अनमोल सिंह, श्रेया वर्मा, अनिका सिंह ने जीत दर्ज की। ग्रुप सी में राधाकृष्णन हाउस के शिव वर्मा, युविका शर्मा, फरहान खान, तैयबा खान ने बाजी मारी। विजयी प्रतियोगियों को मुख्य अतिथि प्रोफेसर राज कुमार (सेवानिवृत विभागाध्यक्ष वाणिज्य) बरेली कॉलेज, बरेली, इंजीनियर देवेन्द्र कुमार गुप्ता, बीएसएनएल तथा प्रबंध निदेशक डॉ.के.ऐ. वार्ष्णेय ने मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

# एसआईआर: बूथों पर आज विशेष अभियान, नाम जुड़वायें पात्र

## प्रत्येक मतदेय स्थल पर सुबह 10:30 से 4:30 बजे तक बीएलओ रहेंगे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, बरेली



डीएम अविनाश सिंह।

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को बूथों की निगरानी करने के निर्देश दिए
- अपना और परिवार के सदस्यों का नाम वोटर लिस्ट में अवश्य जांच लें मतदाता

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कराए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत दावा एवं आपत्ति अवधि में अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए रविवार को जनपद के सभी बूथों पर विशेष अभियान का आयोजन होगा। बीएलओ बूथों पर 6 जनवरी को प्रकाशित हुई मतदाता सूची को पढ़कर सुनाएंगे, ताकि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से रह गए हैं, वे अपना नाम जुड़वा सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने अधिकारियों को बूथों की निगरानी करने के निर्देश जारी किए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 11, 18 जनवरी, 31 जनवरी को विशेष अभियान दिवस आयोजित किये गये थे। इसी कड़ी में रविवार को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है। बताया कि विशेष अभियान दिवस को सफल बनाने के लिए समस्त ईआरओ को निर्देश जारी किए गए हैं कि विशेष अभियान में प्रत्येक मतदेय स्थल पर सुबह 10:30 से 4:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे।

सभी बीएलओ के पास 6 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची व पर्याप्त संख्या में सभी प्रकार के फार्म में 6, 6A, 7 एवं 8 उपलब्ध रहेंगे। विशेष अभियान में प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गयी है। जहां मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता प्रदान की जाएगी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को अभियान तिथि की जानकारी देते हुए उनसे सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिए। सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों का भी सहयोग लिया जाएगा। समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भ्रमणशील रहते हुए विशेष अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिये हैं। सभी नागरिकों से अपील की है कि विशेष अभियान दिवस पर अपने बूथ पर जाकर अपना व अपने परिवार के सदस्यों के नाम 6 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र सदस्य का नाम मतदाता सूची में अंकित नहीं हुआ या ऐसे सदस्य जिनकी आयु 1 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, उनका भी फार्म 6 घोषणा पत्र सहित भरवाकर अपने बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा दें या voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है।

## विद्यार्थियों को कराया कॅरियर की नई तकनीकों से रूबरू

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बीएड और एमएड विभाग में शनिवार को यूनिवर्सिटी एंप्लॉयमेंट एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों और नई तकनीकियों से अवगत कराना रहा।

प्लेसमेंट सेल के एलआर गौतम ने विद्यार्थियों को सरकारी रोजगार से संबंधित प्रमुख वेबसाइटों www.sevayojan.up.nic और www.rojgarsangam.org की विस्तृत जानकारी दी। इन पोर्टलों के माध्यम से छात्र विभिन्न रोजगार अवसरों, पंजीकरण प्रक्रिया और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एंप्लॉयमेंट ब्यूरो के राजेंद्र प्रसाद ने करियर की महत्ता को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष अरोरा के निर्देशन में संपन्न हुआ। संचालन डॉ. रश्मि रंजन ने किया।

## अधिकारी सुबह 10 से 12 बजे करें जन सुनवाई वरना होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः जनपद के सभी एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारियों को रोज अपने कार्यालय के कक्ष में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनता दर्शन में जनसुनवाई करनी है। मुख्य सचिव के आदेश मिलने के बाद जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने भी आदेश जारी किया है। एसडीएम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि रोजाना कार्यालय कक्ष में अनिवार्य रूप से जनसुनवाई करें और प्रार्थना पत्रों का आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण कराएं। डीएम ने कहा इसकी रैंडम चेकिंग की जाएगी कि अधिकारी सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जन सुनवाई की जा रही है या नहीं। यदि समय पर जनसुनवाई करते हुए कोई अधिकारी नहीं पाए गए तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### पेट्रोल पंपों की एनओसी का कोई प्रकरण लंबित न रखें : डीएम

बरेली, अमृत विचार : जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोल पंपों की स्थापना के लिए एनओसी जारी करने के संबंध में बैठक की। डीएम ने कहा कि नये शासनादेश को भलीभांति समझकर पंपों की एनओसी पर कार्यवाही करें। जिनकी एनओसी आ गई है, वे अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर करा लें। बैठक में डीएम ने समीक्षा के दौरान पाया कि अभी तक कुछ लोगों की बीडीए से एनओसी नहीं आ पाई है। इस पर डीएम ने समस्त पेट्रोल पंप स्वामियों को निर्देश देते हुए कहा कि सोमवार को वार्ता कर निस्तारण करा लें। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कोई भी फाइल को ज्यादा दिन तक लंबित न रखें, सरकार की योजना को भली प्रकार से संचालित कराएं। बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी भगत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सात कन्याओं का विवाह कराया



सामूहिक विवाह में दाम्पत्य बंधन में बंधे नवयुगल। साथ में आयोजक संस्थाओं के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, नाथ नगरी शाखा और आदि शक्ति मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा के सहयोग से शनिवार को सात निर्धन परिवारों की कन्याओं का विवाह हिंदू रीति और वैदिक परंपरा के साथ मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर बरात घर में धूमधाम से संपन्न हुआ। सातों कन्याओं के विवाह के आयोजन समस्त जिम्मेदारी मंच के सदस्यों की ओर से किया गया।

आयोजन के अंतर्गत भव्य बरात, जयमाल और सात फेरों के साथ-साथ नवदंपतियों के लिए आवश्यक उपहार एवं प्रीतिभोज की व्यवस्था की गई। आयोजन में अतिथि के रूप में एसपी सिटी मानुष पारीख, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, पीलीभीत नगर पालिका चेयरमैन आस्था अग्रवाल, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, कैंट बोर्ड की सीईओ तनु जैन के साथ सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच के संरक्षक रामदयाल मोहता, राम औतार अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, स्वाति जैन, गौरव जैन, अभिषेक भारद्वाज, कैलाश मित्तल की ओर से दीप प्रज्वल्लन और राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम के संचालन में आकाश अग्रवाल, उत्सव मित्तल, राहुल जालान, नितिन काबरा, गगन काबरा, आयुष मित्तल, यश अग्रवाल, निकुंज काबरा, सुमित जालान, जय अग्रवाल, नीरज खंडेलवाल, पंकज सोनी और स्वाति जैन, अंजू भरद्वाज, प्रियंका टिबरीवाल आदि का सहयोग रहा।

# राष्ट्र चेतना को सशक्त बनाते हैं शिविर

## लॉ कॉलेज में लगा एनएसएस का विशेष शिविर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देते शिरीष मेहरोत्रा।

अमृत विचार : क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शनिवार को समापन हो गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण की चेतना को सशक्त बनाना रहा। समापन अवसर पर स्वयंसेवकों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

मुख्य अतिथि वैभव शर्मा ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि अनुशासन, सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी का बोध भी कराती है। ऐसे विशेष शिविर युवा पीढ़ी को जागरूक नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कॉलेज के सचिव शिरीष कुमार मेहरोत्रा ने कहा कि ऐसे शिविर सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होते हैं। महाविद्यालय के सचिव एवं बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष शिरीष कुमार मेहरोत्रा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी मो. हस्सान रजा खान, कृतिका सक्सेना और हिमांशु सिंह ने सहयोग दिया। समापन अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में हिमांशु सिंह, कृतिका, प्रतिभा, सनिया, भूमि, शरजील, सचिन शर्मा, फिरासत, फैजान, पर्व, उदित, आयुष, अभिमन्यु और हर्ष शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ

## बरेली कॉलेज में रोवर-रेंजर प्रशिक्षण शिविर संपन्न

- छात्रों ने सीखा वॉच टॉवर, टेंट पिचिंग और ब्रिज निर्माण

बरेली अमृत विचार : बरेली कॉलेज की रोवर-रेंजर टीम के पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। शिविर के दौरान वॉच टॉवर, टेंट पिचिंग तथा ब्रिज निर्माण, और स्वनिर्मित उपयोगी वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। रेंजर छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के उप-प्राचार्य प्रो. स्वदेश सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. आलोक खरे रहे। रेंजर लीडर डॉ. शालिनी सक्सेना ने शिविर के पांचों दिनों की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। जिला प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. पुष्प कांत शर्मा ने रोवर-रेंजर को दीक्षा दिलाई।

अंत में रोवर लीडर डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रो. वीपी सिंह, प्रो. संगीता सिंह, प्रो. दयाराम गंगवार, प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. प्रतिभा शर्मा, प्रो. दीप्ति जौहरी और प्रो. आशा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जस्टिस माथुर ने किया हिन्दू विवाह अधिनियम कमेंटरी का विमोचन

- न्यायमूर्ति बोले-यह केवल टीका नहीं, उपयोग न्यायिक उपकरण है
- मेरे 34 वर्षों के न्यायिक अनुभव का सार है यह पुस्तक: रजत बिन्दल

विधि संवाददाता, बरेली




पुस्तक का विमोचन करते न्यायमूर्ति आलोक माथुर व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचारः वरिष्ठ अधिवक्ता रजत बिंदल द्वारा लिखित 'हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 कमेंटरी' का विमोचन इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति आलोक माथुर ने कचहरी स्थित बार सभागार में हुए कार्यक्रम में किया।

न्यायमूर्ति आलोक माथुर, जिला जज प्रदीप कुमार सिंह, बार अध्यक्ष मनोज हरित, लेखक रजत बिंदल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। न्यायमूर्ति आलोक माथुर ने इसे केवल टीका नहीं, बल्कि विधि-समुदाय के लिए उपयोगी न्यायिक उपकरण बताया और युवा अधिवक्ताओं को अद्यतन विधि-ज्ञान के साथ कार्य करने का संदेश दिया। बार अध्यक्ष मनोज हरित ने टीका को बरेली के विधि-परिदृश्य में मील का पत्थर बताया।

लेखक रजत बिंदल ने कहा कि यह ग्रंथ उनके 34 वर्षों के अनुभव का सार है। इसमें हिन्दू विवाह अधिनियम के साथ परिवार न्यायालय अधिनियम, भरण-पोषण एवं अन्य संबंधित कानूनों को समाहित किया गया है। उन्होंने वर्चुअल सुनवाई का अधिकार, साक्ष्य की अनिवार्य वीडियो रिकॉर्डिंग तथा 'विवाह के अपूरणीय विखंडन' को तलाक का आधार बनाने जैसे सुझाव भी रखे। फैमिली कोर्ट जज छाया नैन, एसीजेएम सुमित कुमार भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि का परिचय गार्गी बिंदल द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का समापन अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर किया गया। संचालन बार सचिव दीपक पाण्डेय ने किया।

# कैंसर पर परिचर्चा करेंगे देश के 89 विशेषज्ञ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में ओंको लाजिक पैनल्स आज से
- एमजीआईएमएस वर्धा के कैंसर विशेषज्ञ डॉ.आरएन दत्ता देंगे विशेष जानकारी

अमृत विचारः एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रविवार को प्रथम वार्षिक ओंको लाजिक्स पैनल्स का आयोजन किया जा रहा है। मेडिकल कालेज के रेडिएशन ओंकोलाजी विभाग की ओर से आयोजित इस कांफ्रेंस में देश के नामचीन 89 कैंसर विशेषज्ञ इस बीमारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के रेडियोथेरेपी विभागाध्यक्ष कैंसर विशेषज्ञ डा.आरएन दत्ता विशेष रूप से बरेली पहुंच रहे हैं।

यह जानकारी एसआरएमएस मेडिकल कालेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डा.पियूष कुमार ने दी। डा.पियूष ने कहा कि कांफ्रेंस में कैंसर के विभिन्न पहलुओं पर आठ पैनल डिस्कसन होंगे। सभी में सात विशेषज्ञ कैंसर से संबंधित विषयों पर व्याख्यान देंगे। सुबह नौ बजे से आरंभ हो कर शाम छह बजे तक चलने वाले इस पहले वार्षिक ओंको लाजिक पैनल्स का उद्घाटन सत्र दोपहर एक बजे आरंभ होगा।

इसमें कैंसर से संबंधित सवालों के जवाब देने वाली पुस्तक का भी लोकार्पण किया जाएगा। उद्घाटन सत्र को विशेषज्ञ डा.आरएन दत्ता और संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति संबोधित करेंगे।

# शिक्षा-स्वच्छता और समानता को अपनाकर आगे बढ़ सकता है समाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली




प्रेसवार्ता में सर्वजन आम पार्टी के अध्यक्ष जय प्रकाश भास्कर व अन्य। ● अमृत विचार

- संत गाडगे महाराज की जयंती पर 23 फरवरी को आईएमए हॉल में आयोजित होगा समारोह

अमृत विचारः सर्वजन आम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश भास्कर ने शनिवार को रोटरी सभागार में प्रेसवार्ता कर संत गाडगे महाराज की जयंती पर होने वाले समारोह के संबंध में जानकारी दी। 23 फरवरी को आईएमए हॉल में आयोजित होने वाले समारोह में संतों के साथ सर्वसमाज, सामाजिक कार्यकर्ता, बद्धिजीवी, युवा जुटेंगे।

जयप्रकाश भास्कर ने कहा कि संत गाडगे महाराज केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के महान प्रतीक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त छुआछूत, भेदभाव, अशिक्षा और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष में लगाया। उनका संदेश था कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है, जब शिक्षा, स्वच्छता और समानता को अपनाया जाए। आज भी उनके विचार उतने ही प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम में संत गाडगे महाराज के जीवन, संघर्ष और समाज सुधार के कार्यों पर वक्ता विस्तार से प्रकाश डालेंगे। साथ ही समाज के युवाओं को आगे बढ़ने, पढ़ाई करने और संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ने का संदेश दिया जाएगा। अगर समाज जागरूक होगा, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि गाव-गांव और मोहल्लों तक कार्यक्रम के बारे में सूचना पहुंचाई जा रही है। आयोजन की तैयारी के लिए स्वयंसेवकों की अलग-अलग टीमें बनाई हैं, जो व्यवस्था संभालेंगी। प्रेस वार्ता में बरेली जिलाध्यक्ष कालीचरण दिवाकर आदि मौजूद थे।

# सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता के छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत



छदम्मी लाल मेमोरियल स्कूल की बालसभा में बच्चे और शिक्षक। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचारः सनातन संस्कृति की संवाहक हमारी नई पीढ़ी हैं। किशोरावस्था मानव जीवन का स्वर्णिम काल है। यह आयु बहुत ही संवेदनशील होने के साथ- साथ बच्चों के मन, मस्तिष्क और हृदय पर अपनी स्पष्ट छवि अंकित करने की क्षमता रखती है। यदि हम अपने बच्चों को राष्ट्र धर्म के प्रति जागरूक करना चाहते हैं और उनके उत्तम विकास के लिए जिम्मेदारी निभाना चाहते हैं तो प्रभु श्रीराम का चरित्र बच्चों को मानव से महामानव बनने की प्रेरणा प्रदान करता है। यह विचार डॉ दीपंकर गुप्त ने शनिवार को छदम्मी लाल मेमोरियल हाई सेकेंडरी स्कूल की बालसभा में व्यक्त किये।

उन्होंने सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। साथ ही बाल रामायण की प्रतियां निःशुल्क भेंट कीं और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मोतीराम लोधी, आरती, उत्तम कुमार, भानु प्रताप एवं, पूजा वर्मा, सोनी सिंह आदि मौजूद रही।

रिसते जख्म

किसी को शारीरिक समस्या तो कोई मानसिक बीमार, सर्वाधिक डायबिटीज के पीड़त

# अपनों का दंश झेल रहे 70 फीसदी बागवां बीमारियों की गिरफ्त में

कार्यालय संवाददाता, बरेली



वृद्धाश्रम में पहुंची मन कक्ष की टीम चेकअप करती हुई। ● अमृत विचार

अमृत विचारः अपनों से मिलने वाले जख्म आखिरी सांस तक परेशान करते हैं। ये वो जख्म होते हैं जो दिखते हीं लेकिन भीतर ही भीतर रिसते रहते हैं। अपनों से मिले दर्द व्यक्ति को बुढ़ापें में अन्दर से तोड़ देते हैं। यही कारण है कि आशियाना और अपनों के होते हुए भी वृद्धाश्रमों में जीवन काट रहे बुजुर्ग विभिन्न बीमारियों के शिकार हो गए हैं।

कैंट के बुखारा में बीते 14 साल से अपनों के सताए घरों से निकाले गए बुजुर्ग माता-पिता को काशीधाम वृद्धाश्रम अपने परिजनों की तरह पाल रहा है। यहां लगभग 122 बुजुर्ग रह रहे हैं।

मन कक्ष ने वहां जाकर उनकी सेहत का परीक्षण किया तो पता चला की वहां रहने वाले 70 प्रतिशत लोग शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान हैं। वहां रहने वाले मरीजों भूलने की बीमारी, अनिंद्रा, डिप्रेशन, स्लिप डिस्क, न्यूरोपैथी और आक्रामकता हावी हो रही है। साथ ही वहां हाइपरटेंशन और डायबिटीज के मरीज हैं। कुल बुजुर्गों में से 70 प्रतिशत इन बीमारियों का शिकार हैं। टीम ने मरीजों से बातचीत की और उनका चेकअप करके उन्हें दवाएं दीं।

- जांच के दौरान कुछ मरीजों की की गई काउंसलिंग

### चेकअप में निकली ये बीमारियां

| | |
|---|---|
| डिमेंशिया | 10 |
| अनिंद्रा | 7 |
| न्यूरोपैथी | 43 |
| आक्रामकता | 4 |
| स्लीप डिस्क | 3 |
| डिप्रेशन | 13 |
| हाइपरटेंशन | 8 |
| डायबिटीज | 50 |

### आधे लोगों के परिजन करने आते हैं मुलाकात

डॉक्टर आशीष ने बताया कि जब उन्होंने वहां रहने वाले लोगों से बातचीत की तो पता चला की वहां रहने वाले आधे से अधिक लोगों के परिजन उनसे हफ्ते, महीनों में मिलने आते है। सुबह से दोपहर या शाम तक रुकते है, और फिर वहां से चले जाते हैं। इससे लगता है कहीं न कहीं परिवार में कलह के कारण ही अपनों ने ही बुजुर्गों को घर से दूर कर दिया है।

### समाज के लिए सवाल

वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या बताती है कि संयुक्त परिवार की परंपरा कमजोर पड़ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि बुजुर्गों को केवल देखभाल ही नहीं, बल्कि सम्मान और अपनापन भी चाहिए होता है। यही हाल रहा तो आने वाले समय में यहां रहने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ जाएगी।

मन कक्ष की टीम ने वृद्धाश्रम में जाकर बुजुर्गों के स्वास्थ्य का चेकअप किया था। वहां पर उम्र रहने वाले लगभग 70 प्रतिशत लोगों को शारीरिक और मानसिक रोग है। उनको रोग के हिसाब से दवाई दी गई है। आगे भी वहां जाकर चेकअप किया जाएगा।

– डॉ. आशीष सिंह, मनोचिकित्सक, प्रभारी मन कक्ष

मन कक्ष के डाक्टरों ने बताया कि बुढ़ापे में इस तरह अपने से अलग रहने पर वहां के तीन-चार मरीजों में आक्रामकता के भी लक्षण आ गए हैं। ये बुजुर्ग लोग बात-बात पर नाराज होकर लड़ने के लिए तैयार हो जाते है। उनको भी दवा दी गई है।

## सिटी ब्रीफ

### शौर्य ने जेईई मेंस में 90.1 परसेंटाइल प्राप्त की



बरेली, अमृत विचार : द गुरु स्कूल के छात्र शौर्य वर्मा ने जेईई मेंस में 90.1 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। शौर्य वर्मा की यह सफलता उनके अनुशासन, निरंतर परिश्रम और अटूट दृढ़ता का प्रतिफल है। विद्यालय के प्रबंधक गुरु मेहरोत्रा, निर्देशिका डॉ प्रतिभा मल्होत्रा एवं प्रधानाचार्य डॉ. रविंद्र आहूजा ने शौर्य वर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शौर्य ने विद्यालय की शैक्षणिक परंपरा को सशक्त बनाया है।

### साई में 381 खिलाड़ियों ने दी चयन परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र साई में शनिवार को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में विभिन्न खेलों में रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए चयन परीक्षा आयोजित की गई। इसमें एथलेटिक्स, हॉकी और सॉफ्टबॉल की आवासीय व डे-स्कॉलर स्कीम के लिए कुल 381 खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया। इनमें 362 पुरुष और 19 महिला खिलाड़ी शामिल रहे। एथलेटिक्स में 187, हॉकी में 138 और सॉफ्टबॉल में 56 प्रतिभागी रहे। निर्धारित मानकों के अनुसार परीक्षण कर मेरिट सूची तैयार की जाएगी, जिसके आधार पर सत्र 2026-27 के लिए चयन किया जाएगा।

### एलबीएस कॉन्वेंट स्कूल में हुई फेयरवेल पार्टी

बरेली, अमृत विचार : एलबीएस कॉन्वेंट स्कूल में सत्र 2025-26 के कक्षा 8 के बच्चों की फेयरवेल पार्टी का आयोजन शनिवार को किया गया। छात्रा कशिश अग्रवाल मिस फेयरवेल और छात्र कृष्णा मिस्टर फेयरवेल बने। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने डांस की प्रस्तृति दी। कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक रामकृष्ण शुक्ला, मानवी अजमानी, आकाश शुक्ला, शिवांश शुक्ला, खुशी, ममता, खुशबू, नेहा, वैष्णवी, दीपांशु, संगीता, अनुप्रदा आदि मौजूद रहे।

# आर्मी पब्लिक स्कूल ने जीती बांके बिहारी फुटबॉल ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी, मौजूद अतिथि व शिक्षक। ● अमृत विचार

- महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के फुटबॉल मैदान आयोजित हुई प्रतियोगिता

अमृत विचार : महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के नवनिर्मित फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय बांके बिहारी ऑटो फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता का आयोजन महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति के मंत्री और बांके बिहारी ऑटो के निदेशक डॉ. पंकज अग्रवाल की ओर से किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला इंवर्टिस विश्वविद्यालय और आर्मी पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल ने अपने प्रतिद्वंदी को 2-0 से हराकर विजय प्राप्त की।

रोमांचक फाइनल मुकाबले में आर्मी स्कूल के दीपांशु और इंवर्टिस विश्वविद्यालय के केशव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एसपी सिटी मानुष पारीक ने कहा कि खेल भी जीवन में उन्नति प्राप्त करने का एक माध्यम है। खेल से जीवन की सभी ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है।

विशिष्ट अतिथि रुहेलखंड विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव प्रो. एसएस बेदी ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए पठन-पाठन के साथ खेल आवश्यक है। महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल, क्रीड़ा सचिव गिरीश चंद्र अग्रवाल, संयोजक पंकज अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने विचार व्यक्त किये। निर्णायक मंडल में निष्कर्ष सिंह कंडारी और सीके यादव रहे।

मंच संचालन डॉ. रेशू जौहरी ने किया। महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में प्रथम स्थान समा बी, द्वितीय स्थान अनुष्का, तृतीय स्थान नेहा तथा सांत्वना पुरस्कार प्रिंस, अनुराग और सृष्टि ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के संस्थापक अध्यक्ष राम प्रकाश अग्रवाल महेश चंद्र, क्रीड़ाधिकारी इं. धीरज अग्रवाल डॉ. केके अग्रवाल, मंयक शर्मा, शोभित अग्रवाल, अजीत सिंह, रामलखन, प्रफुल्ल पाठक, संचित कक्कड़, डॉ. तरूण पांडेय, डॉ. विपुल मेहरोत्रा आदि उपस्थित रहे

### एसआरएमएस क्रिकेट कप : रोमांचक मुकाबले में सीईटी की टीम बनी चैंपियन




बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस ट्रस्ट इंस्टीट्यूशंस रनिंग क्रिकेट कप 2026 सीजन 3 का फाइनल मैच एसआरएमएस आईपीएस (इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल) और एसआरएमएस सीईटी (कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) के बीच हुआ। अपने सभी नॉकआउट मैच जीतकर सीईटी की टीम फाइनल में पहुंची। लेकिन पिछले वर्ष फाइनल में आईपीएस से हारने वाली सीईटी की टीम ने आईपीएस को इस बार 5 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मैच में सीईटी के ऑलराउंडर आदित्य सक्सेना मैन ऑफ द मैच बने। आदित्य को ही मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। सीईटी के ही सूर्य प्रताप सिंह ने टूर्नामेंट के चार मैच में 9 विकेट लिए। उन्हें बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट की ट्रॉफी प्रदान की गई। एसआरएमएस ट्रस्ट के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल की टीमों के साथ सीईटीआर व कॉलेज ऑफ नर्सिंग की संयुक्त टीम ने हिस्सा लिया।

### अवंतीबाई कॉलेज को प्रमाण रैंकिंग में तीसरा स्थान मिला

बरेली, अमृत विचार : प्रदेश सरकार के प्रमाण पोर्टल पर जारी टॉप-20 महाविद्यालयों की रैंकिंग में मंडल में राजकीय महिला महाविद्यालय अवंतीबाई को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। पहला स्थान राजकीय महिला महाविद्यालय बदायूं व दूसरा स्थान जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर को मिला है। वहीं सबसे बड़े बरेली कॉलेज ने 10वीं रैंक हासिल की है।

मासिक समीक्षा के आधार पर जनवरी माह की महाविद्यालयों की रैंकिंग जारी की गई है। नवंबर 2025 में प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयों की मासिक समीक्षा की कार्ययोजना लागू की थी। क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी डॉ. सुधीर कुमार के अनुसार मंडल में वर्तमान में 28 राजकीय व 29 एडेड महाविद्यालय संचालित हैं, जिन्हें इसमें शामिल किया गया था। दूसरे चरण में निजी (सेल्फ फाइनेंस) महाविद्यालयों को भी शामिल किया जाएगा।

# फीस वृद्धि के विरोध में परीक्षा नियंत्रक का घेराव

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा, आंदोलन की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



परीक्षा नियंत्रक से वार्ता करते एबीवीपी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- माइग्रेशन सर्टिफिकेट और प्रोविजनल डिग्री की फीस बढ़ाने पर जताई नाराजगी

अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने माइग्रेशन सर्टिफिकेट एवं प्रोविजनल डिग्री की फीस में वृद्धि के विरोध में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह का शनिवार को घेराव किया। दरअसल, माइग्रेशन सर्टिफिकेट व प्रोविजनल डिग्री की फीस 200 से बढ़ाकर 1 हजार रुपये कर दी गई है।

एबीवीपी के प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने परीक्षा नियंत्रक का घेराव करते हुए कहा कि फीस में की गई यह अत्यधिक वृद्धि छात्र हितों के विपरीत है। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए यह निर्णय अत्यंत कष्टदायक है। विश्वविद्यालय प्रशासन को बिना छात्रों से संवाद किए इस प्रकार का एकतरफा निर्णय नहीं लेना चाहिए। आनंद कठेरिया ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रही है, और आगे भी रहेगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल प्रभाव से बढ़ी हुई फीस को वापस लेने की मांग की गई। चेताया कि विश्वविद्यालय की ओर से फीस को वापस नहीं लिया गया तो परिषद उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री विकास गोला, अरुण सूर्यवंशी, विपिन शर्मा, खुशी, मनीषा प्रताप, नितिन मिश्रा, कुनाल मिश्रा, ट्विंकल गुप्ता, हर्ष वर्धन, सत्यम गुर्जर, हर्ष राजपूत, लक्की शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षाः सरल आया गृह विज्ञान का पेपर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुस्कुराते दिखे दसवीं की परीक्षा देकर लौटे विद्यार्थी
- बोले-आसान था पेपर, फोटोग्राफी में भी आए सरल सवाल

अमृत विचार : गृह विज्ञान और फोटोग्राफी का पेपर देकर परीक्षा केंद्र से बाहर निकले छात्र और छात्राओं के चेहरे मुस्कुराते हुए दिखे। उन्होंने कहा दोनों ही पेपर बहुत सरल थे। समय से पहले ही उन्होंने प्रश्न पत्र को हल कर लिया।

शनिवार को यूपी बोर्ड में दसवीं कक्षा में दो परीक्षाएं थीं। गृह विज्ञान और फोटोग्राफी के पेपर एक समय में थे। कुछ लोगों ने गृह विज्ञान तो कुछ ने फोटोग्राफी सब्जेक्ट को चुना था। परीक्षा खत्म होने के बाद जब छात्र छात्राएं परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले तो उनके चेहरे में खिले हुए थे। छात्राओं ने बताया कि गृह विज्ञान का पूरा पेपर सिलेबस से आया था और बहुत सरल था। वहीं फोटोग्राफी का पेपर भी आसान था जितना सिलेबस में पढ़ाया गया था उसी में से सवालों को पूछा गया था। अभी तक यूपी बोर्ड के जितने पेपर हुए हैं उसमें अधिकतर छात्रों ने पेपर को सिलेबस के हिसाब से ही बताया है। किसी पेपर में अभी तक यह नहीं कहा गया है कि पेपर सिलेबस से बाहर आया था।



राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर बाहर आतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



पेपर बहुत सरल और आसान था। समय से पहले ही कर लिया था। कुछ सवालों को घुमाकर पूछा गया लेकिन समझ में आ रहे थे। प्रतिभा



गृह विज्ञान का पेपर बहुत सरल आया था। सब कुछ सिलेबस में से ही पूछा गया था। पेपर समय के अंदर हो गया था। -अक्षरा



पेपर आसान था। किताबों के अंदर से ही सारे सवाल आए थे। कुछ सवालों में घूमने की कोशिश की गई थी लेकिन समय से पहले ही पेपर पूरा कर लिया। प्रिया



फोटोग्राफी का पेपर बहुत बढ़िया था। कुछ टेक्निकल चीज पूछी गईं थीं। जो सिलेबस के ही अंदर से थी। पेपर समय के भीतर पूरा हल हो गया था। अश्वनी

### सीबीएसई: पैसेज सीधे व समझने में आसान थे

बरेली, अमृत विचार : सीबीएसई में शनिवार को दसवीं के छात्रों का इंग्लिश का पेपर था। छात्र-छात्राओं से बात करने पर उन्होंने बताया कि पेपर सरल था। पेपर में पैसेज सीधे और समझने में आसान थे। राइटिंग क्षेत्र में फॉर्मेट आधारित प्रश्न जैसे लैटर और आर्टिकल भी सरल थे। ग्रामर के प्रश्न स्पष्ट समझ में आ रहे थे। तैयारी करने वालों के लिए यह पेपर नंबर स्कोरिंग के लायक था।

### सुरक्षित तरीके से जमा कराएं उत्तर पुस्तिकाएं

बरेली : शिकायत मिलने पर डीआईओएस ने सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों को पुस्तिकाएं सुरक्षित तरीके से जमा कराए जाने के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि उन्हें 2 दिन पहले शिकायत मिली थी कि कुछ केंद्रों से उत्तर पुस्तिकाओं को व्यवस्थित तरीके से जमा नहीं कराया जा रहा है। उन्होंने ऐसे दो स्कूलों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय की ओर से सुरक्षित माध्यम उत्तर पुस्तिकाएं जमा कराई जाएं।

# नवाचार व बौद्धिक संपदा पर हुई वर्कशॉप

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर आयोजित कार्यशाला में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की ओर से बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के अंतर्गत भारत सरकार की पहल के रूप में आयोजित किया गया, इसमें राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान नागपुर का सहयोग प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. लता अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. रजनीश पठानिया द्वारा की गई। अपने उद्बोधन में उन्होंने चिकित्सा शिक्षा में नवाचार, अनुसंधान संस्कृति तथा बौद्धिक संपदा संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का समन्वयन डॉ. प्रीति लता राय, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, शिशु रोग विभाग तथा डॉ. अभिनव श्रीवास्तव, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, ईएनटी विभाग द्वारा किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. भारत एन. सूर्यवंशी, सहायक नियंत्रक, पेटेंट एवं डिजाइन, आरजीएनआईआईपीएम नागपुर ने बौद्धिक संपदा अधिकारों की मूल अवधारणा, पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, डिजाइन संरक्षण तथा पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार एवं शोध कार्यों के संरक्षण की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। एमबीबीएस के विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों ने सहभागिता की और प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम संस्थान की नवाचार, अनुसंधान उत्कृष्टता तथा बौद्धिक संपदा जागरूकता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# भक्तों को लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की कथा सुनाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जय देवी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय एवं गौशाला की ओर से आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दूसरे दिन शनिवार को यज्ञ आचार्य अनिल कुमार शर्मा एवं आचार्य ब्रह्म स्वरुप शर्मा ने बेदी पूजन किया।

वृंदावन से पधारे मुनीश्वर महाराज के नेतृत्व में दूसरे दिन की कथा का समापन हुआ। यज्ञ की अध्यक्षता कर रहे आचार्य देवेश मिश्रा महाराज ने बताया कि स्वामी त्रेतानंद गिरी महाराज के प्रेरणा से हर वर्ष कथा एवं यज्ञ का आयोजन किया जाता है। यज्ञ में मुख्य यजमान सोमपाल मिश्रा, दिनेश कुमार सिंह, गजेंद्र पांडे, कौशल शाश्वत, चंचल गुप्ता, एमडी मिश्र, रमेश तिवारी, राजेश दीक्षित, पुरुषोत्तम शर्मा, केसी मिश्रा, आचार्य अंकित मिश्रा, हिमांशु शर्मा, जितेंद्र मिश्रा, निर्दोष शर्मा, प्रियंक मिश्रा, विनय कुमार शर्मा ने सहयोग किया।



महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ● अमृत विचार

# शोध एवं नवाचार की सुरक्षा, पेटेंट आवेदन प्रक्रिया की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली




कार्यशाला में मौजूद शिक्षक, विद्यार्थी एवं शोधार्थी।

- रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में कार्यशाला आयोजित

अमृत विचार : रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में बौद्धिक संपदा अधिकार एवं पेटेंट व डिजाइन आवेदन प्रक्रिया विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला हुई। भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन कार्यशाला राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान नागपुर के सहयोग से आयोजित की गई।

मुख्य वक्ता सहायक नियंत्रक (पेटेंट एवं डिजाइन) नागपुर डॉ. भारत एन सूर्यवंशी ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व, शोध एवं नवाचार की सुरक्षा, पेटेंट आवेदन की प्रक्रिया तथा डिजाइन पंजीकरण के विधिक पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। बताया कि किसी भी शैक्षणिक एवं चिकित्सीय संस्थान में नवाचारों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है, जिससे शोध कार्य को प्रोत्साहन मिलता है। आविष्कारकों को विधिक संरक्षण प्राप्त होता है। कार्यशाला में शिक्षक, विद्यार्थी एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों को बौद्धिक संपदा से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई, जिससे वे अपने शोध एवं आविष्कारों को विधिवत सुरक्षित कर सकें। सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. (डॉ.) शिवजोति एस. ने किया। सह-समन्वयक सहायक कुलसचिव सरनाम सिंह रहे। प्राचार्य प्रो. (वैद्य) राकेश कुमार तिवारी ने सभी को शोध एवं नवाचार की दिशा में सक्रिय रहने को प्रेरित किया।

### बरेली कॉलेज में वेबिनार 23 फरवरी को

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज और केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश की ओर से 23 फरवरी को वेबिनार का आयोजन ऑनलाईन माध्यम में किया जाएगा। वेबिनार का विषय रिसर्च विजिबिलिटी और ऑर्किड उपयोग रहेगा। वेबिनार का आयोजन सचिव अर्थशास्त्र विभाग की अस्सिटेंट प्रो. डॉ. कोमल मित्तल को नामित किया गया।

आवश्यकता है

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया ● वार्ड बॉय

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली

मो. +91-8077808309, 9837357497

आयोजन

स्पोर्ट्स वीक 'विक्ट्री कार्निवल सीजन-2' का समापन, पुरस्कार बांटे गए

# वास्तविक विजय ट्रॉफी नहीं, आत्मविश्वास और टीम भावना है

कार्यालय संवाददाता, बरेली



खेल में जीतने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। ● अमृत विचार

अमृत विचार : वास्तविक जीत ट्रॉफी से नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, परिश्रम और टीम भावना से होती है। यह केशलता ग्रुप के चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने केशलता ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स, बरेली में आयोजित स्पोर्ट्स वीक "विक्ट्री कार्निवल सीजन-2" के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कही।

स्पोर्ट्स वीक "विक्ट्री कार्निवल सीजन-2" समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने कहा कि पूरे सप्ताह विद्यार्थियों ने जिस अनुशासन, ऊर्जा और खेल भावना का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वाइस प्रेसिडेंट गोपाल अग्रवाल ने कहा कि प्रतिस्पर्धा हमें बेहतर बनने की प्रेरणा और हार आगे बढ़ने की सीख देती है। सचिव डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि "विक्ट्री कार्निवल सीजन-2" ने विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना और सकारात्मक दृष्टिकोण को सशक्त किया है।

स्पोर्ट्स वीक के दौरान विभिन्न आउटडोर एवं इंडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आउटडोर खेलों में क्रिकेट, वॉलीबॉल, रिले रेस, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, लंबी कूद सहित अन्य एथलेटिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं इंडोर खेलों में शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस, बैडमिंटन एवं अन्य बौद्धिक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समारोह के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं उपविजेताओं को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. आरके चितलंगिया एवं देवेंद्र खंडेलवाल के साथ नर्सिंग प्राचार्या डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी, वाइस प्राचार्या डॉ. अनीता गॉटलिब, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. पंकज मिश्रा सहित संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार जांगिड, सुगंधा सिंह, आइरीन बर्ज, शिवानी गुप्ता, तनु गुप्ता, कमलेश कुमार, अनुकृति सिंह, शिवानी हरमन, नीतू देओपा, दीपाली एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। स्पोर्ट्स कार्यक्रम का संचालन में खेल समन्वयक नितिन सहाई, अनुप्रिया एस. लाल, जगमोहन एवं सुनील कुमार की सराहनीय भूमिका रही। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।